Seema Kumari, Asst. Prof. (Pol. Sc.),
RMC, VKSU, BA I (subs) Date – 19.06.2021

कानून (Law)

कानून अंग्रेजी भाषा के लॉ शब्द का हिंदी रूपांतर है। लॉ शब्द की उत्पति ट्यूटॉनिक लैग (lag) से हुई है जिसका अर्थ होता है ऐसी वस्तु जो सदा स्थिर, स्थायी और निश्चित या सभी परिस्थितियों में समान रूप में रहे। कानून अर्थ है 'वह जो एकरूप बना रहे।' आक्सफोर्ड शब्दकोश के अनुसार 'सता द्वारा आरोपित आचार व्यवहार के नियम'

परिभाषाएं :–

वुडरो विल्सन के अनुसार 'कानून स्थिति विचार तथा स्वभाव का वह अंश है जिसे शासक की शक्ति लागू करती है।'

आस्टिन 'कानून संप्रभु की आज्ञा है।'

ग्रीन के अनुसार 'अधिकारों और कर्तव्यों की उस पद्दति को कानून कहा जा सकता है जिसे सरकार लागू कर सकती है।'

जब कोई वस्तु या व्यक्ति निश्चित परिस्थितियों में निश्चित तरीके से व्यवहार करते हैं तो उनके इस गुण को नियम या कानून कहा जाता है।

कानून के तत्व :–

1. कानून के लिए नागरिक समाज का अस्तित्व आवश्यक है।
2. कानून के निर्माण तथा उनकी क्रियान्विति के लिए एक संप्रभुत्वपूर्ण सता का अस्तित्व आवश्यक है।

Scanned with CamScanner

3. कानूनों का संबंध व्यक्ति के बाहरी आचरण से होता है।

4. कानून का पालन नहीं करने पर नागरिक दंड के भागी होते हैं।

5. कानून सामाजिक हित के लिए होने चाहिए।

कानून के वर्णनात्मक और निर्देशात्मक नियम होते हैं।

वर्णनात्मक किसी वस्तुस्थिति या किन्हीं घटनाक्रम के परस्पर संबंध का संकेत देते हैं। जैसे :- गुरुत्वाकर्षण का नियम.

निर्देशात्मक नियम के अंतर्गत यह निर्देश दिया जाता है कि किस परिस्थिति में मनुष्य को क्या करना चाहिए क्या नहीं। ये नियम संगठन के सदस्यों पर लागू होता है। इन्हें उचित या अनुचित की कसौटी पर परखा जाता है। राज्य अपने सदस्यों के लिए जो निर्देशात्मक नियम बनाता है उसे विधि या कानून (Law) कहते हैं।

'जे. उब्ल्यू सामंड - कानून उन सिद्धांतों का समुच्चय जिन्हें राज्य मान्यता देता है और न्याय के प्रवर्तन के दौरान लागू करता है।'

कानून मान्यता के अनेक कारण होते हैं

1. ये नियम हर किसी पर समान रूप से लागू होते हैं और उनका पालन सर्वत्र किया जाता है।

2. पालन न करनेवाले को दंड दिया जाता है।

3. इनकी व्याख्या और प्रयोग के लिए निश्चित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है।

4. ये नियम किसी उचित साध्य की सिद्धि करते हैं।

next →